दयाल सिंह पब्लिक स्कूल की आस्था बांगा ने मेडिकल स्ट्रीम में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए। पिता विनोद कुमार और मां सीमा दोनों शिक्षक हैं। आस्था का सपना वैज्ञानिक बनकर नई बीमारियों पर रिसर्च करना है। उसने बताया कि नियमित सेल्फ स्टडी और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उसे यहां तक पहुंचाया। वह रोजाना करीब छह घंटे पढ़ाई करती थी।

12वीं का रिजल्ट • दयाल सिंह पब्लिक स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

र्स में काश्वी ने 99% अंक लेकर बढ़ाया मान

करनाल | दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-7 के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कॉमर्स संकाय में तृषिका ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, अदृश्य ने साइंस में 95.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और रिया ने कॉमर्स संकाय में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य सुषमा देवगन ने विद्यार्थियों को बधाई दी।



दयाल सिंह स्कूल में छात्रा के साथ स्कूल स्टाफ।



कॉमर्स संकाय में तृषिका ने 96.6% अंक हासिल कर पाया पहला स्थान

अब कहानियों से होगी पढ़ाई आसान, कार्यशाला में शिक्षकों ने सीखे नए तरीके



दयाल सिंह स्कूल में कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक।

करनाल। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल मेन ब्रांच में आयोजित सीबीएसई की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों और लैंगिक संवेदनशीलता के प्रति जागरूक किया गया। पहले दिन विषय विशेषज्ञ मंजू सहगल और पूजा ने लैंगिक संवेदनशीलता पर चर्चा करते हुए शिक्षकों को विद्यालयों में समानता और संवेदनशील व्यवहार की आवश्यकता समझाई।

दूसरे दिन विषय विशेषज्ञ ज्योतिष्मा और सविता गरंक ने कहानी कथन को प्रभावी शिक्षण पद्धति के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कहानी केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में कल्पनाशक्ति, भाषा कौशल, चिंतन क्षमता और नैतिक मूल्यों के विकास का सशक्त तरीका भी है। विशेषज्ञों ने उदाहरणों और गतिविधियों के जरिए समझाया कि शिक्षक किस प्रकार कठिन विषयों को कहानियों के माध्यम से सरल और रोचक बना सकते हैं। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य सुषमा देवगन और मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर मौजूद रहीं।

स्वच्छता अपनाने का दिया संदेश, कैडेट्स ने चलाया अभियान



एनसीसी शिविर के दौरान उपस्थित स्वयंसेवक व आफिसर • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • करनाल: सात हरियाणा बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल की मेन ब्रांच में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कैडेट्स ने परिसर से प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री एकत्रित कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यालय की प्राचार्य सुषमा देवगन एवं मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने कहा कि स्वच्छता हमारे संस्कार और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय, समाज एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। एनसीसी फर्स्ट आफिसर डा. केवल कृष्ण ने कहा कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

शनिवार • 23.05.2026 03
amarujala.com/karnal

कैडेट्स ने दिया स्वच्छता का संदेश

करनाल। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हरियाणा बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान व जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। परिसर में प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्या सुषमा देवगन ने कहा कि स्वच्छता संस्कारों और अनुशासन का प्रतीक है। कैडेट्स और अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। संवाद

कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर समझी संभावनाएं और चुनौतियां



करनाल | दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में एआई एप्रिसिएशन डे विशेष प्रातःकालीन सभा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के महत्व, जिम्मेदार उपयोग और नैतिक पहलुओं की जानकारी देना था। सभा में एआई से जुड़ी खबरें, रोचक तथ्य, पहेलियां, हास्य प्रस्तुतियां और नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने एआई थीम पर मॉडल तैयार कर अपनी रचनात्मकता और तकनीकी ज्ञान का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतर-सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता रही, जिसका विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता: वरदान या अभिशाप' था। विद्यार्थियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समाज पर एआई के प्रभावों पर विचार रखे।

पानीपत, गुरुवार, 2 जुलाई, 2026 दैनिक भास्कर

सीबीएसई स्कूलों में 18 जुलाई से शुरू होगा रीडिंग मंथ, रोज दिलाई जाएगी किताब पढ़ने की शपथ

स्कूली बच्चों में रीडिंग कल्चर को बढ़ावा देने के लिए पहल, स्टोरी टीचर पर मुफ्त मिलेंगी 144 बहुभाषी पुस्तकें

भास्कर न्यूज | करनाल

स्कूली बच्चों में किताबें पढ़ने की आदत विकसित करने और डिजिटल रीडिंग को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 18 जुलाई से एक माह का रीडिंग मंथ शुरू करेगा। इस आयोजन के जरूर पीएम पोषण योजना के तहत करनाल जिले के सभी सीबीएसई संबद्ध स्कूलों में विद्यार्थियों की आयु के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।



शासन सुशासन की प्रशासनिक सभा में बच्चों को डिजिटल रूप से पुस्तक पढ़ने की शपथ भी दिलाई जाएगी, जबकि शिक्षक उन्हें पढ़ने के महत्व और उससे होने वाले बौद्धिक विकास के बारे में जानकारी देंगे।

इसके लिए पब्लिक स्कूल की डिजिटल सुविधा देखकर ने बताया कि सीबीएसई की ओर से सभी स्कूलों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यह आयोजन केवल के पुस्तकालय आयोजन के जरूर पीएम पोषण योजना के तहत करनाल जिले के सभी सीबीएसई संबद्ध स्कूलों में विद्यार्थियों की आयु के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

इसका मुख्य की प्रशासन सभा में बच्चों को डिजिटल रूप से पुस्तक पढ़ने की शपथ भी दिलाई जाएगी, जबकि शिक्षक उन्हें पढ़ने के महत्व और उससे होने वाले बौद्धिक विकास के बारे में जानकारी देंगे।

इसके लिए पब्लिक स्कूल की डिजिटल सुविधा देखकर ने बताया कि सीबीएसई की ओर से सभी स्कूलों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यह आयोजन केवल के पुस्तकालय आयोजन के जरूर पीएम पोषण योजना के तहत करनाल जिले के सभी सीबीएसई संबद्ध स्कूलों में विद्यार्थियों की आयु के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

हिंदी और अंग्रेजी सहित चार भाषाओं में होंगी पुस्तकें

रीडिंग पंख के तौरान स्कूलों में विद्यार्थियों को स्टोरी वीवर डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इस प्लेटफॉर्म पर हिंदी और अंग्रेजी सहित कई भाषाओं में सुंदर चित्रों से सजी करीब 144 कहानी पुस्तकें निशुल्क उपलब्ध रहेंगी। विद्यार्थी बिना किसी शुल्क के अपना अकाउंट बनाकर इन पुस्तकों को पढ़ सकेंगे। सीबीएसई का मानना है कि डिजिटल माध्यम से बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण साहित्य पहुंचाकर उनमें पढ़ने की आदत को और मजबूत किया जा सकता है।

आयोजन होंगे। वहीं डिजिटल और सेंसिटिव कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए क्विज, निबंध लेखन, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, पुस्तक समीक्षा और अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। इसके अलावा विद्यार्थियों को पढ़ने की समझ और समझ का मूल्यांकन करने के लिए सीबीएसई रीडिंग फ्रेमवर्क भी आयोजित किया जाएगा।

पानीपत, 17 जुलाई, 2026 दैनिक जागरण

संक्षिप्त समाचार

एआइ अप्रिसिएशन डे पर छात्रों ने दिखाई नवाचार की झलक



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ। • विज्ञप्ति

जासं • करनाल : दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, डीएससी में एआई अप्रिसिएशन डे मनाया गया। विशेष प्रात:कालीन सभा के माध्यम से विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई) के महत्व तथा उसके जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में 'आज का विचार', एआई से जुड़े समाचार, रोचक तथ्य, पहेलियां, हास्य प्रस्तुतियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने एआई आधारित माडल प्रदर्शित कर अपनी तकनीकी समझ का परिचय दिया। अंतर-सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में "कृत्रिम बुद्धिमत्ता : वरदान या अभिशाप विषय पर प्रतिभागियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समाज पर एआइ के प्रभावों को लेकर पक्ष-विपक्ष में प्रभावी तर्क रखे।

साहिल का एस्टोनिया की यूनिवर्सिटी में पीएचडी के लिए चयन



पूर्व छात्र साहिल नरवाल के साथ स्कूल स्टाफ• विज्ञप्ति

जासं • करनाल : दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र साहिल नरवाल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वर्ष 2015 में बारहवीं उत्तीर्ण करने वाले साहिल का चयन एस्टोनिया के टार्टू विश्वविद्यालय में पीएचडी के लिए हुआ है। उनका शोध विषय वायु की आर्द्रता, मृदा की नमी और जलवायु परिवर्तन का वृक्षों के जल एवं कार्बन गतिकी पर प्रभाव है। साहिल को यूरोपीय संघ की प्रतिष्ठित मैरी स्क्लोडोव्स्का-क्यूरी शोधवृत्ति योजना के तहत लगभग 5.5 लाख रुपये प्रतिमाह की शोधवृत्ति भी मिलेगी। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या सुषमा देवगन, मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर तथा समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

DYAL SINGH IN NEWS

एनसीसी कैडेट्स को कौशल विकास व नेतृत्व का दिया संदेश



युवा-कौशल संवर्धन विषय पर संगोष्ठी के दौरान प्राचार्या सुषमा देवगन व अन्य।

जासं ● करनाल: 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कालोनी में विश्व युवा कौशल दिवस पर युवा कौशल संवर्धन विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने भाग लेकर कौशल विकास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार साझा किए। विद्यालय की प्राचार्या सुषमा देवगन ने कहा आज के समय में शैक्षणिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक कौशल, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और तकनीकी दक्षता भी सफलता के लिए जरूरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर सीखने और अपने कौशल से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। एनसीसी फर्स्ट आफिसर डा. केवल कृष्ण ने कहा एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति का विकास करती है।

एस्टोनिया में पीएचडी के लिए साहिल नरवाल का चयन



करनाल | दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र साहिल नरवाल का यूरोप के देश एस्टोनिया के टार्टू विश्वविद्यालय में पीएचडी के लिए चयन हुआ है। साहिल ने 2015 में 12वीं कक्षा पास की थी। उनका शोध विषय वायु की आर्द्रता और मृदा की नमी में बदलाव की स्थितियों में पेड़ों के जल और कार्बन गतिकी का अध्ययन है। यह शोध पादप पारिस्थितिकी, वृक्ष शरीर क्रिया विज्ञान, जलवायु परिवर्तन से जुड़ा है। साहिल को यह मौका यूरोपीय संघ की प्रतिष्ठित मैरी स्क्लोडोव्स्का-क्यूरी शोधवृत्ति योजना के तहत मिला है। इसके तहत उन्हें करीब 5.5 लाख रुपए प्रतिमाह शोधवृत्ति मिलेगी। इस उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्या सुषमा देवगन, मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर, शिक्षकों और कर्मचारियों ने साहिल को बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दयाल सिंह स्कूल में अचीवर्स पर विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

जासं ● करनाल: दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, मुख्य शाखा में बुधवार को कक्षा चार अचीवर्स के विद्यार्थियों ने गेम आन : ड्रीम्स इन मोशन, लर्निंग, प्लेइंग, ग्रोइंग टुगेदर विषय पर आधारित रोल प्ले एवं टाक शो प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और संघर्षशीलता जैसे गुणों का महत्व प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। विभिन्न खेलों का प्रतिनिधित्व करते हुए बच्चों ने रोचक जानकारी भी साझा की। उनकी शानदार अभिनय क्षमता, मंच संचालन और संवाद अदायगी ने सभी का मन मोह लिया।

काशल विकास से आत्मनिर्भर भारत में योगदान दें युवा



करनाल| 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल दयाल सिंह कॉलोनी में विश्व युवा कौशल दिवस पर युवा कौशल संवर्धन विषय पर संगोष्ठी हुई। इसमें एनसीसी कैडेट्स ने कौशल विकास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या सुषमा देवगन ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शैक्षणिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक कौशल, अनुशासन, संवाद कौशल और तकनीकी दक्षता जरूरी है। एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण ने कहा कि कौशल युवाओं की शक्ति है। उन्होंने कैडेट्स को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन कैडेट प्रियांशी और कैडेट मिराया ने किया। कैडेट लविषा और कैडेट जैनिमा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया।

टेबल टेनिस में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल ने पहला व एसडी गर्ल्स ने पाया तीसरा स्थान

सरकारी-निजी स्कूलों की छात्राओं ने लिया भाग, अंडर-14 से अंडर-19 तक हुआ दमदार प्रदर्शन

- करनाल के कर्ण स्टेडियम में गूंजी बेटियों की हुंकार, 1500 छात्राओं ने दिखाया खेल का जज्बा
- ब्लाक स्तरीय स्कूल गेम्स में वुशु, कराटे, टेबल टेनिस और वालीबाल के हुए खेल, आज भी खेल प्रतियोगिता



बास्केटबाल मैच के दौरान प्रतिभागी टीमें • स्वयं

जागरण संवाददाता • करनाल : खेल के मैदान में अब बेटियां भी किसी से कम नहीं रह गई हैं। जिला करनाल के कर्ण स्टेडियम में ब्लाक स्तरीय स्कूल गेम्स 2026-27 का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ खेलाओ संयोजक कौशिक व प्रिंसिपलों की ओर से किया गया। 22 जुलाई 2026 को हुए इस टूर्नामेंट में सरकारी और निजी स्कूलों की करीब 1500 छात्राओं ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में वुशु, कराटे, टेबल टेनिस, वालीबाल और बैडमिंटन जैसी खेलों के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के मुकाबले हुए। अंडर-14 टेबल टेनिस लड़कों में सागर और कान्हा ने दयाल सिंह पब्लिक स्कूल मेन के लिए पहला और दूसरा स्थान जीता। वहीं लड़कियों एसडी गर्ल्स स्कूल तोरुरु, निकुंज, जीएमएसएसएस बाहमणीय चौथे और कोशिका सिंह, डीपीएस करनाल पांचवें स्थान पर रही। जबकि इन पांचों खिलाड़ियों को अब जिला

वुशु प्रतियोगिता में सरकारी स्कूलों की रही धाक

अंडर-19 वुशु गर्ल्स में सीमन, तनु, नैंसी, दीपमाला और जसप्रीत्रा जैसी खिलाड़ियों ने डीएवीपीपीएस, एसडी माडल और डीएवीपीपीएस एनबीएन स्कूलों से भाग लिया। वहीं अंडर-17 वर्ग में माही, रान्या, अलिशा, रेणु और अंजलि ने डीएवीपीपीएस और जेनेसिस स्कूलों का प्रतिनिधित्व किया। चयन सूची के अनुसार विजेता छात्राओं को जिला स्तर के लिए चुना गया है।

कराटे और टेबल टेनिस में निजी स्कूल आगे

अंडर-17 कराटे गर्ल्स में गुरलीन कौर, सानिया, अकनीत, इंदु और नानकप्रीत कौर ने एमाइम इंटरनेशनल, श्री राम और पैरास स्कूलों से दमखम दिखाया। 32 केजी से 68 केजी तक विभिन्न भार वर्गों में मुकाबले हुए। टेबल टेनिस अंडर-19 गर्ल्स में यामनी, अंशु, विनीता और भूमिका ने डीएसपीएस मेन स्कूल का नाम रोशन किया।

टीम गेम्स में मिला बराबर का मौका

जोनल टूर्नामेंट अंडर-14 गर्ल्स में एसटीसी स्कूल, करनाल ने पहला और डीपीएस करनाल ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर 17 में दयाल सिंह मेन करनाल पहले और जीएमएसएसएस माडल टाउन दूसरे स्थान पर रहे। अंडर-19 में जीजीएसएसएस प्रेम नगर ने गोल्ड और डीपीएस करनाल ने सिल्वर जीता।

प्रतियोगिता करने का मौका मिलेगा। अंडर-14 गर्ल्स कराटे में नानकप्रीत, सीएमए इंटरनेशनल ने -24 केजी में में और राखी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल संगोही ने -28केजी में पहला स्थान हासिल किया। वहीं, -34केजी और -38केजी में बाजी मारी। दीक्षा और दिपांशी ने -42 केजी और -50-केजी में गोल्ड जीता। सोफीएस करनाल ने 44 केजी और आरपि, गुरु नानक स्कूल ने -48 केजी में शानदार प्रदर्शन कर निजय



अभियान में विद्यार्थियों को बांटे फलदार पौधे

दयाल सिंह स्कूल में विद्यार्थियों को पौधा वितरण के लिए संबोधित करते • विशेषज्ञ।

जागरण संवाददाता • करनाल : दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष पौधा वितरण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्कूल परिसर में विद्यार्थियों को फलदार पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक डा. एसपी सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पेड़ न केवल ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि वे हमारे जीवन का आधार भी हैं। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। प्रधानाचार्य डा. सुनीता शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को पौधों के महत्व के बारे में पहले ही जागरूक किया जा चुका है। इसके लिए विशेष सभाएं और कार्यशालाएं आयोजित की गई थीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने लगाए गए पौधों की जिम्मेदारी भी लेंगे। इसके लिए हर कक्षा को कुछ पौधे गोद दिए गए हैं। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य सुमन लता, वरिष्ठ अध्यापक सुरेश कुमार, अध्यापिका प्रिया शर्मा, मुख्याध्यापिका प्रिया शर्मा, एसडीसी हर्ष, अधिकार डा. केवल कृष्ण ने पौधारोपण कर किया।

दैनिक जागरण करनाल, 19 जुलाई, 2026

कौशल विकास से आत्मनिर्भर बनेंगे युवा

करनाल। बदलते दौर में केवल शैक्षणिक योग्यता नहीं, बल्कि व्यावहारिक और तकनीकी कौशल भी युवाओं की सफलता तय कर रहे हैं। इसी संदेश के साथ विश्व युवा कौशल दिवस पर दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में एनसीसी की ओर से संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया गया। 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्या सुषमा देवगन, एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण, कैडेट प्रियांशी, मिराया आदि मौजूद रहीं। ब्यूरो

पर्यावरण संरक्षण सरकार या संस्था का नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य : सीजेएम

भास्कर न्यूज | करनाल

दैनिक भास्कर एवं 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे एक पेड़, एक जिंदगी अभियान के तहत दयाल सिंह पब्लिक स्कूल दयाल सिंह कॉलोनी में पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रेरणादायी संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में सीजेएम मीनाक्षी यादव मुख्य अतिथि रहीं।

उन्होंने विद्यार्थियों से पौधरोपण को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवनभर निभाई जाने वाली जिम्मेदारी बनाने का आह्वान किया।



दयाल सिंह स्कूल में पौधरोपण करतीं सीजेएम, प्रिंसिपल व अन्य।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मीनाक्षी यादव, दयाल सिंह कॉलेज ट्रस्ट समिति के प्रबंधक एवं सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर रणधीर सिंह, विद्यालय की प्राचार्य सुषमा देवगन, मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर, एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने पारिजात का पौधा लगाकर अभियान का संदेश दिया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने दैनिक भास्कर के 75 लाख पौधे लगाने के अभियान के समर्थन में पौधों के साथ 75 की आकृति बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्राचार्य सुषमा देवगन और मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। मुख्य अतिथि मीनाक्षी यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल वृक्ष बनने तक करे तो यह अभियान निश्चित रूप से जनआंदोलन बन जाएगा। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर रणधीर सिंह ने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं जेनिका और लविषा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। इस मौके पर डॉ. केवल कृष्ण, डोली शर्मा, अनुज सेठी जगमोहन मौजूद रहे।

बेटियों ने दिखाया दम, बास्केटबॉल में जीजीएसएसएस प्रेम नगर का दबदबा

ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले, 28 से होगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता

भास्कर न्यूज एजेंसी

करनाल। शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित ब्लॉक स्तरीय चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन लड़कियों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो हजार से अधिक महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अंडर-19 बास्केटबॉल में जीजीएसएसएस प्रेम नगर की टीम प्रथम और डीएवीएस की टीम द्वितीय रही।

कर्ण स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के अंडर-14 बास्केटबॉल वर्ग में एमटीओ स्कूल की टीम प्रथम और डीएवीएस की टीम द्वितीय रही। अंडर-17 बास्केटबॉल में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल की टीम प्रथम और जीएसएसएस की टीम द्वितीय रही।

एडीओ मुनीष ने बताया कि बुधवार को आयोजित हुए लड़कियों के मुकाबले काफी रोमांचक थे। लड़कों की तुलना में लड़कियों में ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि खेलकर को लड़कियों के फाइनल मुकाबलों का आयोजन किया जाएगा।

28 जुलाई से 31 जुलाई तक जिलास्तर की प्रतियोगिता का आयोजन कर्ण स्टेडियम में किया जाएगा।



प्रेम नगर स्कूल ने 20-0 से दर्ज की एकतरफा जीत

बास्केटबॉल के अंडर-19 मुकाबले में जीजीएसएसएस प्रेम नगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टिलौरी पब्लिक स्कूल को 20-0 से हराकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया। विजेता टीम ने पूरे मैच में विपक्षी टीम को कोई अंक बनाने का मौका नहीं दिया।

बास्केटबॉल के मैच में गेंद पर कब्जे के लिए संघर्ष करतीं खिलाड़ी। संवाद

बैडमिंटन और वॉलीबॉल में भी हुए मुकाबले

अंडर-14 लड़कों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर-7 प्रथम तथा सेंट सोफिया कॉन्वेंट मॉडिया सेकेंडरी स्कूल द्वितीय रहा। अंडर-17 में भी यही परिणाम रहे। अंडर-19 वर्ग में टिलौरी पब्लिक स्कूल प्रथम और दयाल सिंह पब्लिक स्कूल द्वितीय रहा।

वॉलीबॉल के अंडर-14 वर्ग में प्रगति पब्लिक स्कूल प्रथम और ओरेंटेल इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय रहा। अंडर-17 में बाबा रामदास विद्यापीठ प्रथम तथा सिख पब्लिक स्कूल द्वितीय रहा। अंडर-19 वर्ग में एमटी मॉडल पब्लिक स्कूल ने पहला और एमएम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

सिटी स्पोर्ट्स कर्ण स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता, 1500 छात्राओं ने लिया हिस्सा

टेबल टेनिस में माया, कराटे में नावधा, दीपशिखा, राखी ने जीता स्वर्ण पदक

भास्कर न्यूज | करनाल



बास्केटबॉल में भी छात्राओं ने दिखाया दमखम

कर्ण स्टेडियम में बास्केटबॉल खेलतीं खिलाड़ी।

जिला करनाल के कर्ण स्टेडियम में मंगलवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीय स्कूल गेम्स 2026-27 में बेटियों ने खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। सरकारी और निजी स्कूलों की करीब 1500 छात्राओं ने यूथ, कराटे, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और बैडमिंटन की अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। विजेता खिलाड़ियों का अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है।

अंडर-14 टेबल टेनिस में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल की माया ने पहला और नावधा ने दूसरा स्थान हासिल किया। एसडी गर्ल्स स्कूल की वंशिका तोमर, जीएसएसएस बड़ागांव की निकुंज चौधे और डीएवीएस करनाल की कंवलिका सिंह पांचवें स्थान पर रहीं। ये सभी खिलाड़ी अब जिला स्तर पर करनाल का प्रतिनिधित्व करेंगी। कराटे में भी बेटियों ने दमदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 वर्ग में सेंट्रल इंटरनेशनल की नावधा ने 24 किलोग्राम, पैराम पब्लिक की दीपशिखा ने 26 किलोग्राम और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोही की राखी ने 28 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पायो, गगनदीप, दीक्षा और दिपांशी ने भी अपने-अपने भार वर्ग में खेल जीतकर जिला स्तर का टिकट पक्का किया। अंडर-19 वर्ग में डीएवी सेंटेनरी की दिशा और गुरु नानक गर्ल्स स्कूल की अनवि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

यूथ में सरकारी स्कूल आगे : अंडर-19 यूथ प्रतियोगिता में सेमन, तनु, पैमी, कोमल और जसमिका ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वहीं अंडर-17 वर्ग में माही, गन्या, अलिशा, रेणु और अंजलि ने मुकाबलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। चयनित खिलाड़ियों को अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मौका मिलेगा।

कराटे और टेबल टेनिस में निजी स्कूलों का बेहतर प्रदर्शन : अंडर-17 कराटे में गुलशन कौर, सानिया, आलवीर, हंसु और नानकप्रीत कौर ने विभिन्न भार वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर निजी स्कूलों की मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। वहीं टेबल टेनिस अंडर-19 में पायलो, अंशु, विनीत और पूर्णिमा ने डीएमसीएस बेन स्कूल का नाम रोशन किया। अंडर-17 वर्ग में नव्या, साक्षी, रुबीना और तृप्ति ने भी प्रभावशाली खेल दिखाया।

टीम गेम्स में भी रही कड़ी टक्कर : टीम प्रतियोगिताओं में भी मुकाबले रोमांचक रहे। अंडर-14 वर्ग में एमटीओ स्कूल ने पहला और डीएवीएस करनाल ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 में दयाल सिंह स्कूल विजेता और जीएसएसएस मॉडल टाउन उपविजेता रहा। वहीं अंडर-19 वर्ग में जीजीएसएसएस प्रेम नगर ने स्वर्ण और डीएवीएस करनाल ने रजत पदक अपने नाम किया।

Dyal Singh Public School

Dyal Singh Colony, Karnal

NCC

Dyal Singh Public School,
Dyal Singh Colony,
Karnal

NCC ACTIVITY

NCC

7 -Haryana Battalion NCC,
Karnal

NCC ACTIVITY

The School Joins 'Ek Ped, Ek Zindagi' Campaign- Organises Tree Plantation Drive

The school in collaboration with Dainik Bhaskar, actively participated in the "Ek Ped, Ek Zindagi" campaign by organising a Tree Plantation Drive and an environmental awareness seminar under the joint initiative of Dainik Bhaskar and 7 Haryana Battalion NCC, Karnal.

The programme was graced by Mrs. Meenakshi Yadav, Chief Judicial Magistrate (CJM), Karnal, as the Chief Guest. The event began with the ceremonial lighting of the lamp by the Chief Guest, Brigadier (Retd.) Randhir Singh, General Manager, Dyal Singh College Trust Society, Mrs. Sushma Devgun, Principal, Ms. Priya Kapoor, Headmistress, Dr. Kewal Krishna, NCC First Officer, and Mr. Anuj Sharma, Correspondent, Dainik Bhaskar. Before the inauguration, the dignitaries planted a Parijat sapling, symbolising their commitment to environmental conservation.

One of the highlights of the programme was the formation of the number 75 using saplings by NCC cadets and students in support of Dainik Bhaskar's mission to plant 7.5 million trees. The event commenced with a melodious welcome song presented by the students.Addressing the gathering, Mrs. Meenakshi Yadavemphasised that environmental conservation is the responsibility of every citizen. She encouraged students to plant and nurture at least one tree, stating that such efforts can transform the "Ek Ped, Ek Zindagi"campaign into a true people's movement.

Speaking on the occasion, Brigadier (Retd.) Randhir Singhurged students to spread awareness about environmental conservation among their families and society.
Principal Mrs. Sushma Devgunand Headmistress Ms. Priya Kapoor highlighted that regular environmental awareness activities are organised in the school to instil a sense of responsibility towards nature among students.

Students also presented a patriotic song, creating an atmosphere of enthusiasm and national pride. As part of the campaign, saplings were distributed among students, staff members, and parents, encouraging every family to contribute towards a greener environment by planting and caring for trees.








पर्यावरण का
अभियान
75
लाख
दयाल सिंह पब्लिक स्कूल
आइए, एक साथ मिलकर प्रकृति को संवारें – एक पेड़, एक जिंदगी!










Code: G 4 Z D G X
दैनिक भास्कर
की पहल
तमसो मा ज्योतिर्गमय
DYAL SINGH PUBLIC SCHOOL
पर्यावरण का
अभियान
75 लाख पौधों के साथ
75
लाख
NCC
एक पेड़, एक जिंदगी
आइए, पर्यावरण को
हरा-भरा बनाएं
संयुक्त संगोष्ठी, पौधारोपण एवं पौध वितरण कार्यक्रम
आयोजक
दयाल सिंह पब्लिक स्कूल
दयाल सिंह कॉलोनी, करनाल
दैनिक भास्कर परिवार के साथ
पौधारोपण
हमारा संकल्प,
हरा-भरा कल
पौध वितरण
हर घर पौधा,
हर मन में आशा
सामूहिक संगोष्ठी
प्रकृति संरक्षण पर
विचार विमर्श
आइए, एक साथ मिलकर प्रकृति को संवारें – एक पेड़, एक जिंदगी!

एनसीसी सेकंड ऑफिसर से फर्स्ट ऑफिसर पदोन्नत होने पर डॉ. केवल कृष्ण को बधाई



7 हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल के तत्वावधान में एनसीसी ऑफिस में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स की पदोन्नति के अवसर पर पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कॉलोनी, करनाल के एनसीसी अधिकारी डॉ. केवल कृष्ण को सेकंड ऑफिसर से फर्स्ट ऑफिसर पद पर पदोन्नत किया गया।

समारोह के दौरान एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल एस.एस. नेगी ने डॉ. केवल कृष्ण को फर्स्ट ऑफिसर बनने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय में प्राचार्या ने दी बधाई



पदोन्नति के उपरांत विद्यालय पहुंचने पर दयाल सिंह पब्लिक स्कूल की प्राचार्या सुषमा देवगन तथा मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने डॉ. केवल कृष्ण को फर्स्ट ऑफिसर बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि डॉ. केवल कृष्ण एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्रसेवा के संस्कार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सीएटीसी कैंप में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने लिया सैन्य प्रशिक्षण



करनाल। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कॉलोनी, करनाल के एनसीसी कैडेट्स ने 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी, करनाल के तत्वावधान में जवाहर नवोदय विद्यालय, सगा में आयोजित 10 दिवसीय सीएटीसी कैंप में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स ने सैन्य अनुशासन, शारीरिक दक्षता तथा नेतृत्व क्षमता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कैंप के दौरान एनसीसी कैडेट्स को हथियारों को खोलने एवं जोड़ने की प्रक्रिया, ड्रिल एवं परेड, शारीरिक प्रशिक्षण तथा अन्य सैन्य गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कैडेट्स ने पूरे अनुशासन, समर्पण और उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, अनुशासन तथा राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करना था।



इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुषमा देवगन एवं मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने कैंप में भाग लेने वाले सभी एनसीसी कैडेट्स को बधाई दी। उन्होंने कैडेट्स के समर्पण और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ–साथ जीवनोपयोगी कौशल और जिम्मेदारी का बोध भी कराती है।

विद्यालय की प्राचार्या एवं मुख्य अध्यापिका ने कैंप की विभिन्न गतिविधियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को विशेष रूप से बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्राओं की उपलब्धि अन्य कैडेट्स के लिए भी प्रेरणास्रोत है।



इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एनसीसी के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, साहस, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन और राष्ट्रभक्ति जैसे गुणों का विकास होता है। दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स को चुनौतियों का सामना करने, सामूहिक रूप से कार्य करने तथा कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की प्रेरणा देता है।



डॉ. केवल कृष्ण ने कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और चरित्र विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं को जिम्मेदार, अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने के लिए तैयार करते हैं।







विद्यालय प्रबंधन ने एनसीसी कैडेट्स के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी उन्हें ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर डीएवी नहीं, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने किया योगाभ्यास



करनाल। दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कॉलोनी, करनाल के एनसीसी कैडेट्स ने 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी, करनाल के तत्वावधान में प्रताप पब्लिक स्कूल, सेक्टर–6, करनाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कैडेट्स ने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करते हुए योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।



इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण ने कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को एकाग्र एवं संतुलित करने की प्राचीन भारतीय पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार, मानसिक तनाव में कमी तथा एकाग्रता और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में योग का विशेष महत्व है। वर्तमान समय में पढ़ाई, प्रतियोगिता और तकनीकी उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण बच्चों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। ऐसे में योग उन्हें शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सजग और भावनात्मक रूप से संतुलित बनाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। एनसीसी कैडेट्स के लिए तो योग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनमें अनुशासन, धैर्य, आत्मनियंत्रण तथा कठिन परिस्थितियों में दृढ़ता बनाए रखने की क्षमता विकसित करता है।



डॉ. केवल कृष्ण ने कहा कि "योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जिसे आज पूरा विश्व स्वास्थ्य और शांति के माध्यम के रूप में स्वीकार कर रहा है। हमें योग को केवल किसी विशेष दिवस तक सीमित न रखकर इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।"

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन एवं उत्साह का परिचय देते हुए योगाभ्यास में सहभागिता की। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने तथा योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक विकास की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स की सक्रिय सहभागिता ने स्वस्थ भारत और सशक्त युवा पीढ़ी के निर्माण का संदेश दिया।

Dyal Singh Public School

Dyal Singh Colony, Karnal

Bidding Adieu

As we scale new academic heights, breaking the existing records and setting new ones, we look back in gratitude to those who have retired after rendering their selfless and dedicated service to the school.



Ms. Aarti Vohra (TGT Science)



Mr. Vinod Sharma (Chemistry Lab Attendant)

We shall be highly indebted to you !!

PRIDE OF DSPS



Himanshu Dua

Sri Ram College of Commerce (SRCC), University of Delhi. Currently: Mentoring students in Economics & Business through HD Classes

For me, school has been much more than a place of academic learning. DSPS has played a pivotal role in shaping my personality, nurturing my latent skills, and giving me the confidence and courage to carve my own path towards the future.

The school provided me with numerous opportunities to develop my communication and leadership skills—from conducting events on the Annual Day to presenting at the School Management Committee Meeting. These experiences helped me overcome hesitation, build confidence, and discover my potential beyond the classroom.

The unmatched teaching fraternity has always been a guiding force, providing students with the right direction, encouragement, love, and care at every step.

We often hear the phrase, "School is a home away from home." For me, DSPS did not merely embody this phrase—it truly proved it. The values, relationships, experiences, and memories I gained here continue to influence who I am today.



Hardik Bajaj

IIIT, Allahbad

Senior Software Engineer at Confluent Company

I am proud to have completed my schooling at Dyal Singh Public School, Dyal Singh Colony, Karnal, in 2019. The strong academic foundation, discipline, and values instilled by the school played a key role in shaping my journey ahead.

After school, I pursued a B.Tech in Information Technology from IIIT Allahabad, where I further strengthened the fundamentals I had developed at DSPS. Today, I work as a Senior Software Engineer at Confluent, a leading global company specialising in real-time data streaming technology. My role involves building and improving software that enables businesses to process and manage massive amounts of data reliably and efficiently. The field constantly challenges me to learn, innovate, and solve complex problems—qualities that DSPS nurtured in me from the very beginning.

Looking back, I owe much of my success to the values, encouragement, and quality education I received at Dyal Singh Public School. The dedicated teachers and nurturing environment gave methe confidence to dream big and work hard. I am grateful to be a part of the DSPS family and hope the school continues to inspire and shape many more young minds in the years ahead.



MeghaSaini

Lecturer (Biology), Department of Education, Haryana
M.Sc. Biotechnology | B.Ed. | M.A. Education

DSPS has been an integral part of my life since childhood. Whatever I am today and wherever I am, I owe it to the teachings, discipline, and values I imbibed at DSPS. I feel proud to be a part of this institution, which has given me a strong foundation for my future and instilled in me the confidence to express myself, move forward, and pursue my goals.

I am forever grateful to my teachers, the entire staff, and the administration of DSPS for their guidance, support, and encouragement.



Anish Kamboj

Batch: 2020–2022 |
Dyal Singh Public School, Karnal

I am Anish Kamboj, an alumnus of Dyal Singh Public School, Karnal (Batch 2020–2022). I completed my B.Com from Dyal Singh College, Karnal, and am currently pursuing my MBA at IIM Mumbai (2026–2028). My school journey, though initially affected by the COVID-19 pandemic and online classes, became truly memorable in Class XII. I am deeply grateful to my teachers and mentors for their guidance, encouragement, and support. I especially thank our respected Honorary Principal, Mrs. SushmaDevgun Ma'am, whose inspiring leadership and continued blessings motivate me to aim higher. I will always cherish my school memories and remain proud to be a part of the Dyal Singh family.


Message To My Juniors:

"To my juniors, believe in yourself, stay curious, and make the most of every opportunity. Success is built through consistency, hard work, and the guidance of great teachers. Dyal Singh Public School has provided a strong foundation for my journey, and I will always remain grateful to my **alma mater**."

तमसो मा ज्योतिर्गमय







जय हिन्द

जय हिन्द





Dyal Singh Public School

Dyal Singh Colony, Karnal